तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

प्राप्त पेश करने हेतु समय चाहते हैं।
पत्रावली का अवलोकन किया गया।
वकील अभीलान्ट द्वारा प्राप्त प्रकाशन पेश करने हेतु 3 वर्ष से अधिक समय जाया करने के उपरान्त भी अग्रिम तक प्राप्त प्रकाशन पेश नहीं किया है जबकि विगत 3 वर्षों में वकील अभीलान्ट को पर्याप्त मौके प्रदान किये जा चुके हैं। न्याय हित को ध्यान में रखते हुए एक अंतिम मौका और प्रदान किया जाता है तथा वकील अभीलान्ट को आगामी पेशी पर प्राप्त प्रकाशन पेश करने की हिदायत दी जाती है। आगामी पेशी पर प्राप्त प्रकाशन पेश नहीं करने पर पत्रावली अदम तअमील में खारिज कर दी जावेगी। पत्रावली वास्ते पेश करने प्राप्त प्रकाशन दिनांक 17/2/23 को पेश हो।

रोहित

17/2/23 पत्रावली पेश हुई। वकील अभीलान्ट द्वारा शेष रेस्पोडेन्ट्स की तलबी अखबार के माध्यम से कराये जाने हेतु प्राप्त प्रकाशन पेश नहीं किया है। वकील अभीलान्ट को प्राप्त प्रकाशन पेश करने हेतु 3 वर्ष से अधिक का समय दिया जा चुका है। विगत पेशी पर प्राप्त प्रकाशन पेश करने की ख़ास तौर पर हिदायत दी गई थी। बावजूद हिदायत प्राप्त प्रकाशन पेश नहीं करने पर पत्रावली अदम तअमील में खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद तअमील दाखिल दफ्तर हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Dr. Suraj Singh Negi
Date: 2023.08.04 12:03:53 IST
Reason: SelfAttested